एक नजर में

## व्यापारिक संगठन 'कैट' की इकाई गठित; कटकानी अध्यक्ष



**पेटलावद।** व्यापारियों के हितों के लिए समर्पित देश के प्रतिष्ठित संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने अपनी संगठनात्मक शक्ति का विस्तार करते हुए पेटलावद तहसील इकाई की घोषणा कर दी है। जिला स्तर के पदाधिकारियों की अनुशंसा पर युवा और ऊर्जावान उद्यमी चेतनकुमार कटकानी को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से हुआ चयन**-कैट के जिलाध्यक्ष मुकेश जैन नाकोड़ा और जिला महामंत्री पंकज जैन मोगरा की अनुशंसा के साथ ही जिला उपाध्यक्ष दिलीप पाटीदार के कुशल समन्वय से इस नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसहमति से किया गया। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विभिन्न पदों पर अनुभवी और युवा चेहरों का मिश्रण देखने को मिला है अध्यक्ष चेतनकुमार कटकानी, तहसील महामंत्री: नवीन मुरार, उपाध्यक्ष उमेश श्रीमाल, जीवन भंडारी, श्रीमती ममता प्रवीणजी पवार, प्रणव उपाध्याय, राहुल पटवा, कोषाध्यक्ष सुनील राठौड़ ,सहकोषाध्यक्ष: शुभम गांधी तहसील मंत्री संयम बंबोरी, राजेंद्र जैन, राहुल अग्रवाल, संगठन मंत्री: गौरव मालवी, आशीष तलेसरा, प्रियेश मांडोत वही संरक्षक मंडल में संगठन को अनुभवी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु विनोद भंडारी, संजय वोहरा, संजय मालवी, संजय लोढ़ा, अभय पालरेचा, राकेश मांडोत, दिलीप पाटीदार और विजय भंडारी को संरक्षक मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष चेतनकुमार कटकानी ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि, 'यह संगठन पेटलावद तहसील के प्रत्येक व्यापारी की समस्याओं के निराकरण और उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। हमारा लक्ष्य पूरी तहसील के व्यापारियों को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का सफल संचालन संरक्षक संजय जी मालवी ने किया, वहीं अंत में जिला उपाध्यक्ष दिलीप जी पाटीदार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यकारिणी की घोषणा होते ही तहसील के समस्त व्यापारी वर्ग ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन

### विजेता खिलाड़ियों को रोटरी क्लब 'मेन' द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए



**झाबुआ।** स्व. श्री रूपसिंह ठाकुर (कल्याणपुरा) एवं स्व. श्री शिवसिंह कछावा (जाम गोद) की स्मृति में प्रथम जिला स्तरीय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 25 दिसंबर, गुरूवार शाम को जिले के मेघनगर में टाउन हॉल में किया गया। उक्त प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथि के रूप में रोटरी क्लब 'मेन' झाबुआ अध्यक्ष मनोज पाठक एवं सचिव डॉ. अंकित गुप्ता उपस्थित हुए। जिनके द्वारा प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को रोटरी क्लब की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब 'मेन' अध्यक्ष मनोज पाठक ने संबोधित करते हुए कहा कि टेबल टेनिल खेल एकाग्रता को बढ़ाने के साथ मानसिक-शारीरिक स्फूर्ति का अच्छा खेल है। जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपना भरपूर मनोरंजन भी किया। रोटरी क्लब सचिव डॉ. अंकित गुप्ता ने टूनामेंट के आयोजकों को अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। बाद रोटरी क्लब 'मेन' द्वारा प्रतियोगिता में अलग-अलग वर्ग में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्लब की ओर से ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन पुरस्कार एवं मेडल भी वितरित किए गए। इस हेतु आयोजकों ने रोटरी क्लब 'मेन' का विशेष आभार माना।

## श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में गुरू सप्तमी महामहोत्सव



**झाबुआ।** प्रात: स्मरणीय विश्व पूज्य दादा गुरूदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्र सूरीश्वरजी मसा द्वारा प्रतिष्ठित प्रदेश के एकमात्र श्री ऋषभदेव बावन जिनालय में 27 दिसंबर, शनिवार को गुरू सप्तमी महा-महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। सभी आयोजन श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ द्वारा किए जाएंगे। जानकारी देते हुए श्री संघ मीडिया प्रभारी रिंकू रूनवाल ने बताया कि बावन जिनालय में गुरू सप्तमी महा-महोत्सव राष्ट्रसंत शिरोमणि आचार्य श्रीमद् विजय हेमेन्द्र सूरीश्वरजी मसा एवं ज्योतिष सम्राट आचार्य श्रीमद् विजय ऋषभचन्द्र सूरीश्वरजी मसा के समुदायवर्ती पूज्य साध्वी पुष्पा श्रीजी मसा की सुशिष्या पपू साध्वी रत्नरेखा श्रीजी मसा आदि ठाणा की निश्रा में मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत बावन जिनालय में प्रात: 6.30 बजे श्री भक्तामर स्त्रोत एवं गुरू गुण इक्कीसा पाठ होगा। इस दौरान लाभार्थी परिवार द्वारा प्रभावना का वितरण किया जाएगा। 7.15 बजे से बावन जिनालय से प्रभात फैरी निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। मंदिर में 8 बजे गुरूपद महापूजन का आयोजन होगा। इस दौरान लक्की-ड्रा, प्रभावना एवं मंदिर सजावट के लाभार्थी तय किए गए है। दोपहर 11.30 बजे सामूहिक आयंबिल बाद 12.30 बजे से लक्ष्मीनगर स्थित सद्गुरू गौशाला में गौ-माताओं को आहार करवाया जाएगा। दोपहर 1 बजे सामूहिक सामायिक एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई है।

# आजीविका क्षेत्र में गुणवत्ता लाना प्राथमिकता : सुधा भार्गव

**झाबुआ. 26 दिसम्बर 2025। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आज झाबुआ जिले में एक दिवसीय जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपायुक्त प्रशासन सुधा भार्गव उपस्थित रहीं। बैठक का शुभारंभ एनआरएलएम की स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा आत्मीय स्वागत के साथ किया गया।**



बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन के सभी वर्टिकल्स की प्रगति का आकलन करना था। जिला परियोजना प्रबंधक सोनिया कटारा की उपस्थिति में आयोजित इस सत्र में जिले के सभी जिला प्रबंधक, ब्लॉक प्रबंधक, सहायक ब्लॉक प्रबंधक, संकुल स्तरीय संगठन पदाधिकारी और सीआरपी सहित समस्त स्टाफ ने शिरकत की।

बैठक के दौरान उपायुक्त प्रशासन ने मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति पर विस्तार से चर्चा की और फील्ड स्टाफ को बहुमूल्य फीडबैक दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल लक्ष्य पूरा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आजीविका गतिविधियों में गुणवत्ता लाना और उनका सतत सशक्तिकरण करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रस्तुतीकरण के दौरान सभी ब्लॉक और वर्टिकल प्रभारियों ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी प्रगति रिपोर्ट साझा की। उपायुक्त प्रशासन ने फील्ड स्तर पर आ रही चुनौतियों को सुना और उनके निराकरण हेतु उचित दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त प्रशासन ने दीदियों के द्वारा बनाए गए वस्तुओं को जिले एवं राज्य स्तर पर मार्केट लिंकेज एवं प्रचार-प्रसार के ऊपर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे स्टाफ और सीएलएफ पदाधिकारियों का समन्वय ही जिले एवं मिशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। मीटिंग के दौरान उपस्थित समूह सदस्यों द्वारा अपनी सफलता की कहानी को उपायुक्त प्रशासन के समक्ष साझा की गई जिसकी उपायुक्त प्रशासन द्वारा सराहना की गई। साथ हीं उपायुक्त प्रशासन के द्वारा गणपति सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र झाबुआ में अवलोकन किया गया एवं मार्गदर्शन प्रदाय किया गया।

# यतीन्द्र सूरी अष्टप्रकारी पूजन से महोत्सव का शुभारंभ



**मेघनगर।** विश्व पूज्य दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेन्द्र सुरीश्वरजी महाराजा के वर्तमान गादीपति, पुण्य सम्राट गुरुदेव श्रीमद विजय जयंतसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब के पट्टधर धर्मभूषण गच्छाधिपति श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वरजी महाराज साहब के प्रेरणा एवं आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सुरीश्वरजी के आशीर्वाद से स्थानीय श्रीसंघ में प्रथम बार दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेन्द्र सुरीश्वरजी महाराज साहब के 199वी जन्म एवं 119वी स्वर्गारोहण दिवस के अवसर पर त्रिदिवसीय सामूहिक गुरुसप्तमी का आयोजन श्री त्रिस्तुतिक श्रीसंघ, ज्ञान मंदिर ट्रस्ट एवं परिषद परिवार द्वारा किया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए ज्ञान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोहरलाल चौरडिया ने बताया कि, महोत्सव के प्रथम दिवस 26 दिसंबर पौष सूद 6, को दोपहर में श्रीमद विजय यतीन्द्र सुरीश्वरजी महाराज साहब की अष्टप्रकारी पूजन से महोत्सव का शुभारंभ हुआ, पूजन का लाभ सामूहिक लाभार्थी परिवार द्वारा लिया गया। ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी रजत कावड़िया ने बताया कि आज गुरुसप्तमी के पावन प्रसंग पर प्रात: पक्षाल,पूजन, आदि का कार्यक्रम होगा पश्चात सकल श्रीसंघ की नवकारसी, वरघोड़ा, सकल श्रीसंघ स्वामीवात्सल्य, सामूहिक आयंबिल, दोपहर में श्री राजेंद्र सूरी अष्टप्रकारी पूजन, रात्रि में भक्ति एवं 108 दीपक की महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहेंगे।

## एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप: नागरिक सेवाओं के लिए एकीकृत डिजिटल मंच

**झाबुआ,** । मध्य प्रदेश शासन द्वारा नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप की सुविधा प्रदान की गई है। यह शासन की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों की समस्त नागरिक-केंद्रित सेवाएं अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से नागरिक घर बैठे ही विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसमें सुविधा सेवाएं, प्रमाणपत्र, लाइसेंस एवं कर, राजस्व, कृषि एवं ग्रामीण विकास, पेंशन एवं लाभ, सामाजिक कल्याण एवं सशक्तिकरण, शिक्षा, शहरीकरण, आवास एवं पर्यावरण, ऊर्जा, परिवहन, व्यवसाय, निवेश, स्वास्थ्य, न्याय एवं शिकायत, पर्यटन, युवा एवं खेल, रोजगार, उद्यमिता एवं कौशल से संबंधित सेवाएं सम्मिलित हैं।

पोर्टल की प्रमुख सुविधाओं में शासकीय योजनाओं की पात्रता जांच, ऑनलाइन आवेदन, रीयल-टाइम आवेदन ट्रैकिंग, डिजिटल प्रमाणपत्र डाउनलोड, समग्र इंटीग्रेशन, समग्र प्रोफाइल के आधार पर पूर्व-भरा हुआ आवेदन फॉर्म, सिंगल साइन-ऑन (स्स्ह) तथा इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सुविधा भी उपलब्ध है।

# कुशलगढ़ किन्नर महासम्मेलन : गादीपति गौरी बुआ का अभिनंदन

- सांवरिया मित्र मंडल एवं दादू जी महाराज संस्थान किया स्वागत
- राठौड समाज ने सेवफल से तोला

**पेटलावद. स्थानीय क्षत्रिय राठौर धर्मशाला में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन में उस समय उत्साह का माहौल और बढ़ गया, जब भारतीय पत्रकार संघ के तत्वावधान में समाज के प्रतिष्ठित किन्नर गुरुओं का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश और राजस्थान के पत्रकारों व विभिन्न संगठनों ने सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की।**



भारतीय पत्रकार संघ (पेटलावद) ने दी गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले से भारतीय पत्रकार संघ (पेटलावद) का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। जिला अध्यक्ष हरीश राठौड दीपक राठौड़के नेतृत्व में पत्रकारों ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए कुशलगढ़ गादीपति गोरी बुआ जी का आत्मीय स्वागत किया। संघ द्वारा अखिल भारतीय किन्नर समाज की अध्यक्ष अनीता बुआ जी, कशिश बुआ जी, प्रेरणा बुआ जी, कमला बुआ जी, कुमकुम बुआ और हसीना बुआ (दलोदा) को शाल ओढ़ाकर, पुष्पमाला पहनाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर दीपक राठौड़, जितेंद्र राठौर, कैलाश बोराणा, गोविंद बोराणा, विनोद राठौड़, शिवा राठौर राहुल राठौर, प्रकाश बारोडिया और राकेश बारोडिया सहित कई पत्रकारों ने गादीपति गोरी बुआ जी से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। सम्मेलन के दौरान क्षत्रिय राठौर तेली समाज, कुशलगढ़ द्वारा भक्ति भाव प्रदर्शित करते हुए गादीपति गोरी जान किन्नर को सेवफल से तोला गया। तुलादान के उपरांत इन फलों को प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष गोवर्धन बारोदिया, गोविंद बोराणा (पटेल), विनोद बोराणा हरिओम बोराणा विनोद सोलंकीऔर रामचंद्र बावरिया सहित समाज के युवाओं ने सक्रिय सहभागिता की। भारतीय पत्रकार संघ के इस सम्मान अभियान में कुशलगढ़ पत्रकार संघ के सुनील शर्मा ने भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया। वहीं, भैरव सेवा समिति की ओर से भैरव उपासक कमलेश राठौर, अजय लश्कार और नरेश गादिया ने भी किन्नर समाज के संतों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम में सांवरिया मित्र मंडल और दादू जी महाराज संस्थान के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भारतीय पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में समरसता का संदेश जाता है और उपेक्षित वर्गों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है।

## पिता-पुत्र ने युवक पर किया हमला

**इंदौर.** सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने से रोकना एक युवक को भारी पड़ गया. गार्डन में नशा करने पर टोके जाने से नाराज पिता-पुत्र ने मिलकर पड़ोसी पर जानलेवा हमला कर दिया. घटना तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की माउंट बर्ग कॉलोनी की है. फरियादी मनजीत पिता विजय कुमार हंसारी ने पुलिस को बताया कि कॉलोनी के गार्डन में जयराज बैठकर शराब पी रहा था. सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते देख मनजीत ने उसे वहां से जाने के लिए टोका. इस बात से जयराज नाराज हो गया और गाली गलौज करने लगा. जब मनजीत ने इसका विरोध किया तो जयराज अपने पिता राजेश सिरसाठ को साथ ले आया. दोनों आरोपियों ने मनजीत को घेर लिया और गालियां देते हुए उस पर हमला कर दिया. जयराज ने डंडे से वार किए, जबकि उसके पिता राजेश ने लात-घूसों से मारपीट की. अचानक हुए हमले से मनजीत को चोटें आईं. हंगामा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी पिता पुत्र जाते-जाते मनजीत को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए. पीड़ित की शिकायत पर तेजाजी नगर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एक नजर में

न्यू पलॉश कान्वेन्ट में नन्हें-मुन्हें बच्चों के बीच पाठशाला की प्रचार-प्रसार सामग्रीयों का हुआ विमोचन

# सनातन संस्कारों की पाचवीं पाठशाला 30 से 4 जनवरी तक

**झाबुआ।** सामाजिक महासंघ जिला इकाई द्वारा राष्ट्रवाद, धर्म जागरण एवं सनातन संस्कारों की 5वीं भव्य पाठशाला का आयोजन आगामी 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक पैलेस गार्डन पर किया जा रहा है। जिसका समय प्रतिदिन सुबह 8.30 से 9.40 बजे तक रखा गया है। 6 दिवसीय पाठशाला में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ एवं वक्ताओं द्वारा बच्चों, युवाओं, माताओं, अभिभावकों एवं समस्त धर्मप्रेमी जनता को ज्ञानार्जन करवाया जाएगा। प्रतिदिन कार्यक्रम पश्चात् अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

उक्त आयोजन को लेकर 26 दिसंबर, शुक्रवार दोपहर 11 बजे से पाठशाला की प्रचार सामग्रीयों का विमोचन कार्यक्रम स्थानीय सिद्धेश्वर कॉलोनी स्थित न्यू पलॉश कान्वेन्ट पर रखा गया। जिसमें सर्वप्रथम पधारे सामाजिक महासंघ के पदाधिकारी-सदस्यों, मातृ शक्ति और युवाओं का आत्मीय स्वागत न्यू पलॉश कान्वेन्ट के संचालक डॉ. संतोष प्रधान ने किया। बाद कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था की शिक्षिका आयुषी अग्निहोत्री ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान बच्चों ने समधुर संगीतमय भजन 'सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम





प्रभु .... करते है आज का काम हम शुरू ....' गाया गया एवं उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर सामाजिक महासंघ के पदाधिकारियों, मातृ शक्ति और युवाओं ने तुलसी माता की पूजन, आरती कर परिक्रमा लगाई।6 दिवसीय पाठशाला का

भव्य स्तर पर होगा आयोजन

सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर ने बताया कि 6 दिवसीय पाठशाला में जिले के विषय विशेषज्ञों एवं वक्ताओं द्वारा बेहद आकर्षक धार्मिक प्रशनवाली के माध्यम से पुराणों की जानकारी, सनातन समाज के ज्वलंत विषयों पर विशेष संदेश, सनातन संस्कारों से जुड़ी विशेष बाते, देश-विदेश, प्रदेश एवं जिले की ज्ञानवर्धन जानकारी, योग का महत्व और उसकी आवश्यकता जैसे विषयों पर मनोरंजक तरीके से प्रस्तुतिकरण दिया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक महासंघ के राधेश्याम परमार 'दादुभाई' ने पाठशाला में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों के समस्त बालक-बालिकाओं, युवाओं, महिलाओं, अभिभावकों एवं समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ लेने हेतु भावभरी अपील की गई।

### सामूहिक जयघोष के साथ प्रचार सामग्रीयों का हुआ विमोचन

बाद सामाजिक महासंघ के पदाधिकारियों में वरिष्ठ अशोक शर्मा, विनोदकुमार जायसवाल, शरतचन्द्र शास्त्री, पं. गणेशप्रसाद उपाध्याय, पीडी रायपुरिया, डॉ. एमएल फुलपगारे, भेरूसिंह चौहान 'तरंग', प्रदीपकुमार पंड्या, हरिश शाह 'लालाभाई', नवीन पाठक, प्रवीणकुमार सोनी, आशीष चतुर्वेदी, मनोज अरोरा, सुनिल चौहान, कुलदीपसिंह पंवार, शंभुसिंह पुरोहित, मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी, एजनलाल भानपुरिया, गोपाल नीमा, शुभम राठौर, मधुसुदन शर्मा, जयेन्द्र बैरागी, जितेन्द्रसिंह पंवार, श्री चौहान, मातृ शक्तियों में भारती सोनी, भारती राठौर, रूक्मणी वर्मा आदि द्वारा भगवान श्रीराम, श्री हनुमानजी महाराज एवं भारत माता के सामूहिक जयघोष के साथ 6 दिवसीय पाठशाला के पेंपलेट्स, बेनर, पोस्टर आदि का गरिमामय रूप से विमोचन किया गया।